# मॉडल प्रश्न–पत्र–IV

## कक्षा – बारहवीं

## विषय – लेखांकन

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

**निर्देश**–1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 में चार भाग है–(अ) बहुविकल्पीय (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति (स) सत्य/असत्य (द) सही जोड़ी मिलाओ। प्रत्येक पर एक अंक है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक पर 2 अंक आबंटित है।
4. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक पर 3 अंक आबंटित है।
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक पर 4 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है।
6. प्रश्न क्रमांक 24 व 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक पर 5 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है।
7. प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है।

प्रश्न 1. **खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(1) पाई संचित्र में अधिक से अधिक कितनी श्रेणियाँ हो सकती है–

(अ) 10 (ब) 25

(स) 7 (द) 3

(2) जब विक्रेता को सम्पत्ति क्रय के प्रतिफल स्वरूप सममूल्य पर अंश जारी किए जाते हैं तो अंशों का कुल मूल्य होगा–

(अ) क्रय प्रतिफल से अधिक (ब) क्रय प्रतिफल से कम

(स) क्रय प्रतिफल के समान (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(3) कौन–सी परिसंपत्तियाँ गैर–अभिलेखित मानी जाएगी–

(अ) पुराने फर्नीचर का विक्रय

(ब) स्थिति विवरण में दिखाई गई ख्याति

(स) पिछले वर्ष अपलिखित डूबत ऋण की वसूली

(द) विनियोगों का विक्रय

(4) वर्तमान साझेदारों के लाभ आबंटन अनुपात में परिवर्तन की स्थिति में संचित लाभ को उनके पूँजी खातों/चालू खातों मं हस्तान्तरित कर दिया जाएगा–

(अ) पुराने लाभ–हानि अनुपात में (ब) बराबर

(स) नए लाभ आबंटन अनुपात में (द) लाभ/त्याग अनुपात में

(5) निम्न में से कौन–सी संपत्ति पर ह्रास लगाया जाता है–

(अ) स्टॉक (ब) देनदार

(स) मशीन (द) भूमि

**खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–** $(1 \times 5 = 5)$

(1) स्टॉक एक .................................. सम्पत्ति है।

(2) रोजनामचा में केवल .................................. बट्टा लिखा जाता है।

(3) बैंक समाधान विवरण .................................. द्वारा बनाया जाता है।

(4) पुस्तक की दोहरा लेखा प्रणाली की तुलना में इकहरा लेखा प्रणाली .................... खर्चीली है।

(5) ख्याति .................................. परिसम्पत्ति है।

**खण्ड (स) सत्य/असत्य बताइए–** $(1 \times 5 = 5)$

(1) अवधि के प्रारंभ में रोकड़ बही रोकड़ शेष से प्रारम्भ होती है।

(2) भवन की मरम्मत पर किए गए व्यय की राशि को भवन के नाम से लिखा जाता है।

(3) अपूर्ण अभिलेख तैयार करना एक वैज्ञानिक प्रणाली है।

(4) कंपनी अधिनियम 1956 में दी गई ह्रास की दरें, ह्रास की सभी विधियों हेतु एक समान है।

(5) ख्याति खाते को अपलिखित करने की स्थिति में सभी साझेदारों की पूँजी खातों को जमा किया जाता है।

**खण्ड (द) शब्द/वाक्य में उत्तर दो–** $(1 \times 5 = 5)$

(1) सेवानिवृत्त साझेदार के कुल दावों का निपटान करने की विधियों को लिखिए।

(2) जो कंपनी किसी अन्य कम्पनी पर नियंत्रण रखती है उसे कौन–सी कंपनी कहते हैं।

(3) जब कंपनी अभिदान हेतु प्रस्ताविक अंशों की संख्या से अधिक संख्या के लिए आवेदन प्राप्त करती है तो इसे क्या कहते हैं ?

(4) स्टॉक आवर्त अनुपात किसके भाग का औसत स्टॉक होता है।

(5) एक डाटाबेस में आप प्रमुख और विदेशी कुँजी से क्या समझते हैं ?

प्रश्न 2. कमीशन (वर्तन) का अर्थ स्पष्ट कीजिए। (2)

प्रश्न 3. वास्तविक खाते के दो उदाहरण दीजिए। (2)

प्रश्न 4. कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन प्रणाली के दो लाभ लिखिए। (2)

प्रश्न 5. लेखांकन अशुद्धियों का अर्थ बताइए। (2)

प्रश्न 6. वित्तीय विवरण का अर्थ बताइए ? (2)

प्रश्न 7. आय–व्यय खाता किसे कहते हैं ? (2)

प्रश्न 8. इकहरा लेखा प्रणाली के दो उपयोग लिखिए। (2)

प्रश्न 9. लाभ–हानि विनियोजन खाता क्यों बनाया जाता है ? (2)

प्रश्न 10. त्याग अनुपात का अर्थ बताइए। (2)

प्रश्न 11. वसूली खाता क्यों बनाया जाता है ? (2)

प्रश्न 12. स्टॉक आवर्त अनुपात का अर्थ बताइए। (2)

प्रश्न 13. वर्कबुक या स्प्रेडशीट का अर्थ बताइए। (2)

प्रश्न 14. खाताबही के तीन लाभ लिखिए। (3)

प्रश्न 15. विक्रय बही का अर्थ दीजिए और इसका प्रारूप बनाइये। (3)

प्रश्न 16. अदत्त व्यय क्या है ? (3)

प्रश्न 17. एक विद्यार्थी ने निम्नलिखित 'प्राप्ति एवं भुगतान खाता' तैयार किया है। कुछ मदों को इसके गलत पक्ष में लिख दिया गया है। विवरण में सुधार कीजिए– (3)

प्राप्ति एवं भुगतान खाता

(31 दिसंबर 2006 को समाप्त वर्ष के लिए)

| विवरण | राशि | विवरण | राशि |
|---|---|---|---|
| प्रारंभिक शेष | 1,800 | प्रवेश शुल्क | 400 |
| मजदूरी | 800 | अखबारों की रद्दी बेची | 200 |
| चंदा | 3,600 | पुस्तकों का क्रय | 2,400 |
| | | हस्तस्थ रोकड़ | 2,300 |
| | | टेलीफोन व्यय | 600 |
| | | स्थाई जमा व्याज | 300 |
| | 6,200 | | 6,200 |

प्रश्न 18. वर्ष 2011 में चंदे से 30,000 रु. प्राप्त हुए इसमें वर्ष 2010 का बकाया चंदा 6,000 रु. तथा अग्रिम चंदा 4,000 रु. वर्ष 2012 का शामिल है। वर्ष 2011 में चंदे के 5,000 रु. बकाया है। वर्ष 2011 के लिए आय–व्यय खाते में प्रदर्शित की जाने वाली चंदे की राशि ज्ञात कीजिए। (3)

प्रश्न 19. समता अंश और पूर्वाधिकार अंश में तीन अन्तर लिखिए। (3)

प्रश्न 20. 1 अप्रैल 2008 को मोहन लिमिटेड ने 80,000 रु. में एक मशीन खरीदी और 20,000 उसकी स्थापना करने व मरम्मत करने में खर्च किए। 30 सितंबर 2011 को वह मशीन 60,000 रु. में बेच दी। वर्ष 2008 से 2011 तक का मशीन खाता तैयार कीजिए, यदि ह्रास 10% वार्षिक दर से सरल रेखा पद्धति द्वारा लगाया जाता है। (4)

अथवा

निम्न सूचना के आधार पर 31 मार्च 2014 को समस्त सर्वे के लिए व्यापार खाता बनाइए–

प्रारंभिक स्टॉक 6,500 रु., क्रय 45,000 रु., विक्रय 72,000 रु., वापसी आन्तरिक 1,500 रु., वापसी बाह्य 500 रु., क्रय पर भाड़ा 1,200 रु., मजदूरी 4,800 रु. ईंधन एवं बिजली 3,200 रु., रोकड़ 4,500 रु., कार्यालय व्यय 3,200 रु., कार्यालय किराया 6,800 रु.।

प्रश्न 21. आलोक लिमिटेड ने 10 रु. प्रत्येक वाले 1,200 अंश निर्गमित किए। आवेदन पर 2 रु. , आबंटन 4रु. एवं प्रथम व अंतिम याचना पर 4 रु. धनराशि देय थी। सभी अंश अभिदत्त हुए तथा देय तिथियों पर सभी मांगें प्राप्त हुई। कंपनी की बहियों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। (4)

अथवा

एक कंपनी ने 2,000, 9% ऋणपत्र, 10% बट्टे पर जारी किये जिन पर भुगतान इस प्रकार होता था–

40 रु. आवेदन पर, 50 आबंटन पर रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

प्रश्न 22. निम्नलिखित से चालू अनुपात एवं त्वरित अनुपात की गणना कीजिए– (4)

स्थायी सम्पत्तियाँ 1,00,000, स्टॉक 30,000, देनदार 20,000, रोकड़ 40,000, पूर्वदत्त व्यय 10,000, लेनदार 30,000, संचय 10,000।

अथवा

निम्नलिखित आंकड़ों से (क) सकल लाभ अनुपात।

(ख) शुद्ध लाभ अनुपात की गणना कीजिए–

बिक्री 25,20,000, बिके माल की लागत 19,20,00, शूद्ध लाभ 3,60,000।

प्रश्न 23. पाई संचित्र बनाने के चार चरणों को समझाइए। (4)

अथवा

DBMS से आपका क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 24. चालू व्यापार अवधारणा का अर्थ एवं इसके चार महत्व समझाइए। (5)

अथवा

लेखांकन क्या है ? और इसके चार उद्‌देश्य समझाइए।

प्रश्न 25. सीमा, मोहित एवं मीनाक्षी फर्म में साझेदार है। एवं लाभ का विभाजन 7:6:7 के अनुपात में करते हैं। मोहित सेवानिवृत्ति लेता है। इसका भाग सीमा व मीनाक्षी ने बराबर बाँट लिया। सीमा एवं मीनाक्षी के नये लाभ विभाजन अनुपात की गणना कीजिए। (5)

अथवा

किन परिस्थितियों में न्यायालय द्वारा साझेदारी फर्म का समापन किया जा सकता है।

प्रश्न 26. 'अ' ने 'ब' 12,000 मूल्य का माल बेचा तथा उस पर 3 माह पश्चात् भुगतान का बिल लिखा। बिल को 'ब' ने स्वीकार कर लिया। 'अ' ने बिल को भुगतान तिथि तक अपने पास रखा। भुगतान तिथि को बिल का भुगतान हो गया। 'अ' और 'ब' की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। (6)

अथवा

क्या तलपट का मिलना खातों की शुद्धता का अचूक प्रमाण है ?

प्रश्न 27. एक फर्म पिछले कुछ वर्षों से 3,00,000 औसत लाभ अर्जित करती है। इस प्रकार के व्यवसाय में सामान्य प्रत्याय दर 15% है। यदि शुद्ध परिसम्पत्तियों की राशि 1600000 है, अधिलाभों का पूँजीकरण के अनुसार ख्याति ज्ञात कीजिए।

अथवा

रोहन और भानू एक फर्म में साझेदार है। 1 मार्च, 2006 को पूँजी का शेष निम्न है—

| विवरण | रोहन | भानू |
|---|---|---|
| | रु. | रु. |
| पूँजी खाता | 90,000 | 1,20,00 |
| चालू खाता | 8,000 (नाम) | 4,000 (जमा) |
| आहरण | 5,000 | 6,000 |

शुद्ध लाभ, पूँजी पर ब्याज और साझेदारों के वेतन देने से पहले 25,600 है। वे निम्न शर्तों पर सहमत हुये—

(1) लाभ व हानि को बराबर बाँटा जायेगा।

(2) पूँजी पर 6% ब्याज दिया जाएगा।

(3) भानू को 900 रु. प्रतिमाह वेतन दिया जायेगा। लाभ—हानि विनियोजन खाता और साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए।